


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 240 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 14 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया

# बड़ा अस्पताल:बारिश में फिर तनाव

## हर साल गिरता प्लास्टर, अस्पताल का मुख्य भवन ले रहा अंतिम सांसें

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** रिटायरमेंट की उम्र के पांच साल और ज्यादा क्रास कर चुका जिला मुख्यालय के बड़े अस्पताल का भवन मरम्मत के सहारे मानो जैसे- तैसे जिंदगी की आखिरी सांसें गिन रहा है। अभी तक दस साल में आठ बार प्लास्टर गिरने के हादसे हो चुके हैं। इसमें लोग घायल भी हुए है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब बारिश में फिर बड़े अस्पताल में हादसें का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि बारिश का पानी सालों पुरानी दीवारों से रिसता है। इससे दीवारें कमजोर होकर प्लास्टर गिर जाता है।

बड़े अस्पताल का पुराना भवन खस्ताहाल होता जा रहा है। दस साल से इसके मरम्मत की मांग उठ रही है। लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली है। लगभग हर साल हादसे होने लगे हैं। एक साल पहले महिला मेडिकल वार्ड में छज्जा गिरने से एक व्यक्ति के घायल होने के बाद प्रबंधन ने वार्ड खाली करवाकर जर्जर हिस्सों को स्वयं गिरवाया। इसके बाद वापस मरीजों को वार्ड में शिफ्ट कर दिया। अभी भी बड़े अस्पताल में करीब आधा दर्जन वार्ड जर्जर हैं। सालों से अधिकारी शासन से पत्राचार की औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि भी बड़े अस्पताल की मरम्मत के लिए राशि जुटाने में विफल रहे हैं। ऐसे में कभी भी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिले की पद्रह लाख आबादी को स्वास्थ्य सेवा देने वाला बड़ा अस्पताल का भवन स्वयं के खराब स्वास्थ्य से जूझ रहा है।

### अड़सठ साल से भी अधिक पुराना...

बता दे कि अस्पताल भवन का शिलान्यास मध्यभारत वाले दौर में मुख्यमंत्री रहे तनख्तमल जैन ने 26 जनवरी 1956 को किया था। वर्तमान में पांच सौ बेड की क्षमता वाले बड़े अपताल में छह दशक से ज्यादा पुराने निर्माण वाले हिस्से में मेडिकल वार्ड, फीमेल वार्ड के अलावा आर्थो, प्रायवेट कक्ष आदि है। जबकि, ओपीडी को करीब दो दशक पुराने निर्माण वाले हिस्से में संचालित किया जा रहा है। स्पष्ट है कि वार्डों में जोखिम बरकरार है।

## दस साल में आठ बार हो चुके हादसे




### पचास प्रतिशत से अधिक भवन में रिसता पानी...

बड़े अस्पताल के मुख्य भवन के 70 फीसदी से अधिक हिस्से में पानी रिसने की समस्या है। इसके कारण छतों का प्लास्टर भी गिरने लगा है। वर्ष 2014 के बाद से ही कभी प्लास्टर तो कभी छत का हिस्सा गिर रहा है। अब तक आधा दर्जन बार ऐसे हादसे हो चुके हैं। सबसे अधिक (सिंधी वार्ड, महिला मेडिकल, प्राइवेट वार्ड, सर्जिकल वार्ड, पुरुष मेडिकल) वार्ड व एक दर्जन से अधिक कार्यालय कक्षों की छतों से प्लास्टर गिर रहा है। इनके सरिये तक बाहर दिखने लगे हैं। बीते 10 साल से समस्या को लेकर आवाज उठ रही है। समय-समय पर अधिकारियों ने सुधार को लेकर बैठकें भी की, लेकिन निराकरण नहीं हो सका। दस साल में स्थानीय प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कहीं-कहीं पेचवर्क कराया। लेकिन, उससे कोई लाभ नहीं मिला। जर्जर भवन के चलते लगभग हर साल बड़े अस्पताल में छतों से प्लास्टर गिरने से हादसे हो रहे हैं। कई लोग घायल हो चुके हैं, शासन शायद किसी बडे हादसे का इंतजार कर रहा है।

### प्लास्टर गिरने की हुई यह कुछ घटनाएं...

✻ 1 अगस्त 2014 को मेडिकल वार्ड में छत का प्लास्टर गिरा। पलंग पर सो रही महिला को चोट आई थी। ✻ 20 सितंबर 2014 को बर्न वार्ड के बाहर गलियारे में छत का प्लास्टर गिरा। ✻ 14 अप्रैल 2015 को मेडिकल वार्ड के बाहर बगीचे की ओर बना छज्जा गिर गया। रात का समय होने से हादसा टल गया। ✻ 20 सितंबर 2015 को बर्न वार्ड के बाहर गलियारे में छत से सीमेंट के बड़े टुकड़े गिरे। यहां से गुजरते रोगी सहम गए। ✻ 15 सितंबर 2019 को सर्जिकल वार्ड के बाहर गलियारे की छत का हिस्सा गिर गया था, तब भी बड़ा हादसा टल गया। ✻ 2 जुलाई 2021 को हड्डी वार्ड के बाहर गलियारे की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर गया। गलियारे में बैठी दो महिलाओं को चोट भी लगी। ✻ 6 जुलाई 2022 को बड़े अस्पताल के मेडिकल वार्ड में सुवासरा निवासी सलामुद्दीन पिता शकूर खान अपनी पत्नी का इलाज कराने आया था। लेकिन, छत का प्लास्टर गिरने से स्वयं घायल हो गया। सलामुद्दीन का भी बड़े अस्पताल में उपचार हुआ।

## डोडाचूरा तस्कर को 5 साल की सजा, 50 हजार रूपए जुर्माना भी भरना होगा

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी ओमप्रकाश पिता नरसिंहराम विश्नोई आयु 42 वर्ष को अवैध रूप से मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने का दोषी पाकर पांच साल के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रूपये जुर्माने से दंडित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने कि 26 सितंबर 2014 को थाना नारायणगढ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक बीएस बामनिया को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि संजीत- मंदसौर रोड ग्राम ढाबला फंटा यात्री प्रतिक्षालय के पीछे एक सफेद रंग की कार जीजे 01 - 8877 खड़ी है, जिसमें कोई व्यक्ति मोटरसायकिल से एक सफेद रंग का कट्टा भरा हुआ डिक्की में डालकर गया है। कट्टे में डोडाचूरा हो सकता है। कार में एक बाहर का बैठा आदमी दिख रहा है। यदि तत्काल ढाक्ला फंटा यात्री प्रतिक्षालय के पीछे पहुंचकर दबिश दी जावे तो सफलता मिल सकती है। मुखंबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स एक टीम को रवाना किया गया, जहां एक सफेद रंग की कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखी। पुलिस सफेद कार की तरफ जा रही थी तो कार के चालक कार को तेजी से चलाकर ग्राम ढाबला की ओर भगाकर ले गया। कार का पिछा किया गया तो उक्त कार आगे कच्चे रास्ते में कीचड़ में फस गई तथा ड्राईवर सीट से आरोपी ओमप्रकाश विश्नोई भागने लगा, जिसे पकड़ कर उक्त कार की तलाशी ली।

तलाशी में कार की डिक्की में दो प्लास्टिक के कट्टें थे, उन्हें खोलने पर उसके अंदर अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा होना पाया गया। आरोपी से पूछे जाने पर आरोपी के पास डोडाचूरा रखने एवं उसके परिवहन को हेतु कोई वैद्य लाईसेंस न होना बताया। उक्त मादक पदार्थ डोडाचूरा का तौल किये जाने पर वजन 48 किलोग्राम होना पाया गया। मौके पर ही आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध पुलिस थाना नारायणगढ में अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जप्तीकर्ता एवं साक्षियो के कथन तथा विवेचना की अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजन द्वारा रखें गये तथ्यों व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## पालीथिन में रखे पचास हजार रुपए चोरी

**गरोठ, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर में एक व्यक्ति के पास से पचास हजार से अधिक रुपए अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। पुलिस ने बताया कि प्रहलाद पिता भैरुलाल मालवीय निवासी गरोठ के पास से प्लास्टिक की थैली में रखे 51 हजार 500 रुपए अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। घटना गरोठ में बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के सामने की है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है। चोरी के शिकार व्यक्ति की निशांदेही और सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाश की खोजबीन की जा रही है।

# साठियों का विवाद सड़क पर आया

## व्यवसायियों के बाद अब आमजन भी परेशान, हफ्ता वसूली को लेकर मारपीट, 41 पर मामला दर्ज

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** साठियो का आपसी विवाद अब सड़क पर आने लगा है। साठियो के कालाखेत में करोड़ो के कॉम्प्लेक्स और आसपास की जगह से अतिक्रमण हटाने में जिम्मेदार अब तक नाकाम रहे है। व्यवसायियों के लिए यह खासा सिरदर्द बना हुआ है। व्यवसायियों ने सड़क पर आंदोलन तक किया। लेकिन, अब व्यापारियों के साथ आमजन भी परेशान हो रहे हैं। साठिया समाज के आए दिन के झगड़ों से यातायात प्रभावित हो रहा है। एक बार फिर हफ्ता वसूली को लेकर साठिया समाज के दो पक्षों में विवाद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने 41 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि हफ्ता वसूली को लेकर नाहरु पिता शंकर साठिया, बाबू पिता नाहरु साठिया, जाफर पिता नाहरु साठिया, अर्जुन पिता नाहरु साठिया, शाकीर पिता अजीत साठिया, चमेली पिता अजीत साठिया, राहुल पिता पूरा साठिया, राजू पिता किशोर साठिया, फजला पिता किशोर साठिया, किशोर पिता शंकर साठिया, अकरम पिता अनवर साठिया, पुतलीबाई पति नाहरु साठिया, ज्योतिबाई पिता नाहरु साठिया, रेनाबाई पति बालू साठिया, अजीत पिता शंकर साठिया, कालू पिता गुल्लू साठिया, अंतीबाई पति रेश साठिया, रोहित पिता अनवर साठिया, रफिक पिता शाकीर साठिया, सुनीता पति बंशी साठिया, लीला पति पुरा साठिया, गोलू पिता अन्नूलाल साठिया, पायल पिता अन्नू साठिया, अंजली पिता गुडडी साठिया और पंकेश पिता बालू साठिया, शाहरुख पिता नाहरु साठिया, फारुख पिता सोहन साठिया, नवीन पिता नारु साठिया, करण पिता अंतर साठिया, अर्जुन पिता अंतर साठिया, राजू पिता भूरा साठिया, आशु पिता मोहन साठिया, लखन पिता धर्मा साठिया, कैलाशीबाई पति अंतर साठिया, भूमीबाई पिता बालू साठिया, सोहनबाई पति नारु साठिया, आरती पति करण साठिया, अंजली पति राज साठिया, अंतर पिता भूरा साठिया, धर्मा पिता गोबा साठिया निवासी कालाखेत साठिया बस्ती के बीच मारपीट हुई। जिसके बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओ में प्रकरण दर्ज किया है।



# कार से मिली 23 पेटी शराब, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ थाना पुलिस ने एक कार को रोकने की कोशिश की तो कार चालक तेज गति से वाहन भगा ले गया। पीछा कर उसे पकड़ा। इस दौरान कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार की तलाशी में 23 पेटी अवैध शराब मिली। अल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना पर बिशन्या और डिगांव के बीच झलारा फंटा पर दबिश दी गई। इस दौरान रूपनी तरफ से हुंडई कार एमपी 14 सीसी 7498 को रोकने का प्रयास किया गया। चालक कार को तेज भगाकर ले गया। इसके बाद पुलिस ने पीछा किया। थोड़ा आगे जाकर कार का बैलेंस बिगड़ गया व रोड़ किनारे पेड़ से टकरा कर कार पलटी खा गई। कार चालक कार में फंस गया। जिसे बाहर निकाला गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम जयपालसिंह पिता जसवन्तसिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बाजखेड़ी थाना नाहरगढ़ का बताया। कार की तलाशी ली गई। कार से तीन पेटी देशी प्लेन शराब व 20 पेटी देशी मसाला शराब कुल 23 पेटी में 207 बल्क लीटर देशी प्लेन व मसाला शराब मिली। आरोपी जयपालसिंह को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## खेत से किसान की विद्युत मोटर चोरी

**नाहरगढ़, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो किसान खेती के कार्य में जुट गए हैं। इधर बदमाश रात के समय किसानो की पानी की मोटर चुरा रहे हैं। किसान लोकेश माली ने बताया कि किसान खेती के कार्य में लग गए हैं। जबकि, बदमाश रात को खेत से किसानो की पानी की मोटर, केबल, चुरा कर ले जा रहे है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि भीमगढ़ आश्रम से भी कई बार पानी की मोटर चुरा ले गए। बदमाश किसानो के खेत पर तोड़फोड़ करते हैं। ग्राम वासियों का कहना है कि पुलिस को रात के समय गांव से लेकर भीमगढ़ आश्रम तक गश्त लगानी चाहिए।

## अब नौवीं-दसवीं में दो तरह की गणित

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** अब नौवीं और दसवीं में बच्चे दो तरह की गणित पढ़ेगे। बैसिक और स्टैंर्ड गणित विद्यार्थियों को पढाई जाएगी। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार कक्षा 9वीं एवं 10 वीं में सतत् व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया लागू करने संबंधी निर्देश प्रसारित किये गये थे। उक्त आदेश की कंडिका-2 में 'शिक्षण सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं एवं 2024-25 में कक्षा 10वीं में विद्यार्थियों को सामान्य गणित एवं उच्च गणित का विकल्प दिये जाने का लेख किया गया था। अत: राज्य शासन एतद द्वारा उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कंडिका-2 में शिक्षण सत्र 2024-25 से कक्षा 9वीं एवं 10 वीं में विद्यार्थियों को 'सामान्य गणित एवं उच्च गणित के स्थान पर गणित बैसिक एवं गणित स्टैंडर्ड का विकल्प दिया जाए।



# कानून में बदलाव, पुलिसकर्मियों को दे रहे प्रशिक्षण

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** अगले माह की पहली तारीख अर्थात 01 जुलाई से आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। कानून में बदलाव के साथ नया कानून प्रचलन में आ जाएगा। इसके लिए पिछले कई दिनो से पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

गुरुवार को मंदसौर पुलिस कंट्रोल रूम में मीटिंग हाल में एएसपी श्री गौतम सोलंकी व एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी द्वारा नए कानून को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित कर के उन्हें नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून और इसकी धाराओं में किया गया बदलाव 01 जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके बाद कानून व पुलिस कार्रवाई में बदलाव होगा। ऐसी कई कानून की धाराएं हैं, जिनका या तो विलय कर दिया गया है या उन्हें हटा दिया है। इसके साथ ही कई धाराओं को परिवर्तित भी किया गया है। नई धाराओं की जानकारी और उन्हें समझाने के लिए ट्रेनिंग व कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

## बाइक की टक्कर से दो घायल

**पिपलियामंडी, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मंदसौर 500 क्वार्टर टिकरिया निवासी जीतमल खीची ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा बेटा दिव्यांशू व उसका दोस्त पवन दोनों बाइक एमपी 14 एनएफ 8277 से नारायणगढ़ जा रहे थे, गुड़भेली पेट्रोल पंप के आगे सामने से आ रहे एक बाइक चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मेरा बेटा व उसका दोस्त घायल हो गए। दोनों को मंदसौर भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार पर केस दर्ज किया।

## ट्रेक्टर की टक्कर से दादी-पोते की मौत, तीन अन्य घायल

**मनासा, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के भाटखेड़ी निवासी एक ही परिवार के दो लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दरअसल, परिवार के 5 लोग एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर दो बाईक पर अपने घर भाटखेड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रतनगढ़ के समीप सामने से आ रहे ट्रेक्टर से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार पांचो लोग घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से नीमच के बड़े अस्पताल लाया गया। जहां दादी और पोते की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में बाइक चालक राजू पिता रमेश रेगर उम्र करीब 26 वर्ष, ललिता पति राजु रेगर उम्र 23 वर्ष, सागर बाई पति रमेश चंद्र रेगर उम्र 50 वर्ष, कालू पिता राजू रेगर उम्र करीब 7 वर्ष, रक्षा पिता राजू उम्र 4 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें कालू 7 वर्ष और सागर बाई 50 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार को परिजनों की मौजूदगी में दादी पोते के शव का नीमच बड़े अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में रतनगढ़ थाना पुलिस में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# दशौरा ब्राह्मण समाजजनों ने शिवना में स्थित कुलदेवी को पूजा


## वाहन रैली निकाली, सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ के 20 जवान रहे तैनात

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशौरा नागर ब्राह्मण समाज ने गुरुवार को शिवना नदी के बीच में विराजित कुलदेवी का पूजन किया। इसके लिए देशभर के डेढ़ सौ परिवारों के 500 से अधिक लोग शिवना किनारे पहुंचे। जहां समाजजनों ने सुबह कुलदेवी की पूजा कर हवन व आरती की। इसके पहले सुबह वाहन रैली निकाली गई जो मुख्य मार्गो से होती हुई कुलदेवी के स्थान तक पहुंची।

मुक्तिधाम के पास शिवना तट पर सुबह से ही मेले जैसा दृश्य नजर आया। शिवना नदी के किनारे टेंट की छांव में देशभर से आए दशोरा ब्राह्मण समाज के लोगों ने हवन पूजन किया। इसके बाद नाव की सहायता से नदी के बीच पहुंचकर कुलदेवी की पूजा कर आरती उतारी। समाज के आयोजन को देखते हुए नगर पालिका ने नदी में जमी जलकुम्भी को हटाकर कुलदेवी तक पहुंचने का रास्ता बनाया। वहीं मौके पर एसडीआरएफ के 20 जवानों को तैनात किया गया। जिन्होंने नाव की सहायता से लोगों को नदी के बीच विराजित कुलदेवी के स्थान तक पहुंचाया। रतलाम से आई दीपिका गुप्ता ने बताया की वे करीब 20 सालों से यहां प्रति वर्ष आ रही है। समाजजनों की मांग है की यहां उनकी कुलदेवी का मंदिर बनाया जाए।

### मुगलों ने किया था आक्रमण, खाई थी मंदसौर का पानी नहीं पीने की कसम...

मध्य प्रदेश के बाहर से आए समाजजनों ने बताया कि हमारे पूर्वज मंदसौर में रहते थे। 1300 ईस्वी में मुगलों ने ब्राह्मणों पर आक्रमण कर दिया। उस



समय हजारों ब्राह्मण शिवना तट पर तपस्या कर रहे थे। आक्रमण में हजारों लोग मारे गए और कुछ जान बचाकर भाग गए। उस समय सभी समाजजनों ने मंदसौर का पानी न पीने की कसम खाई थी। वर्ष 1976 के बाद हमारे ईष्टदेव ने बताया की हमारी कुलदेवी मंदसौर में ही विराजित हैं। कई सालो से पूजा नहीं होने के कारण रूष्ट हैं। तभी से दशोरा नागर ब्राह्मण समाज के लोग हर साल ज्येष्ठ शुक्ल की सप्तमी को यहां आकर कुलदेवी का पूजन-अर्चन करते हैं। गुरुवार को राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित प्रदेशभर से 500 से अधिक लोग कुलदेवी का पूजन करने पहुंचे। पूजन स्थल पर सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ के 20 जवानों को तैनात किया गया था।





# गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा है कन्या कौशल शिविर महिला सशक्तिकरण के लिये मजबूत आधारशिला-डा. नागर

## गायत्री परिवार के द्वितीय पंच दिवसीय कन्या कौशल शिविर का हुआ समापन

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार शाखा मंदसौर द्वारा लगातार दूसरा पांच दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ जिसमें बडी संख्या में 12 से 20 वर्ष की बालिकाओं ने भाग लेकर यज्ञ, हवन, साधना, व्यक्तित्व निर्माण, नशामुक्त समाज की स्थापना, परिवार में भारतीय संस्कृति की स्थापना जैसे उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए कार्यक्रम में संकल्प लिया कि हम यहां से जाकर गांव में एक नई क्रांति का कार्य करेंगे।

विदाई सत्र में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. मिथिलेश नागर ने कहा कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो प्रात: काल उठकर भगवान का नाम लेता है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है बस उन्हें अपनी शक्ति को पहचानने की व बहनों को हर क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठपं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने आज से 50 वर्ष पूर्व ही घोषणा कर दी थी की अगली सदी नारी सदी होगी। यही कारण है कि आज 80 प्रतिशत क्षेत्र में नारियों का योगदान है मुझे भी सन् 1985 में परम पूज्य गुरुदेव के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्थूल कार्य से मुझे रहने का अवसर मिलने के साथ मैंने शांतिकुंज हरिद्वार में गायत्री मंत्र के साथ कई और साधना भी पूर्ण की है। कार्यक्रम में एफसीआई के डायरेक्टर मदनलाल राठौड ने कहा कि मैं लगातार गायत्री परिवार के कन्या कौशल के कार्यक्रम में भागीदारी कर रहा हूं। इन बच्चों को देखकर विश्वास होता है कि गायत्री परिवार एक बडी योजना लेकर समाज में मातृशक्ति को आगे बढा रहा है। यदि बच्चियां संभल गई तो दो घर नहीं 200 घरों में परिवर्तन आएगा। आपने कहा कि यह एक अद्भुत कार्यक्रम है। लगातार जावरा, मंदसौर, मनासा, नीमच सभी दूर कन्या कौशल के यह कार्यक्रम परिवार को व्यवस्थित करने का सशक्त माध्यम साबित होंगे। सक्षम के मालवा प्रांत सचिव रविंद्र पांडे ने कहा कि भारत में अनेको स्वयंसेवी संस्थाएं कार्य कर रही है जिसमें गायत्री परिवार का एक बहुत बडा स्थान है। गायत्री परिवार एक ही क्षेत्र में काम नहीं करता बल्कि परम पूज्य गुरुदेव के 100 सूत्रीय कार्यक्रम को धरातल पर उतारने का कार्य करता कर रहा है। हजारों सैकडो कार्यकर्ता इस अभियान में लगे हैं। आपने कहा कि बच्चों को मोबाइल से अच्छी चीजों को सीखना चाहिए नहीं तो यह जहरीला भी उतना ही है इसके जहर यदि चढ जाए तो उतरता नहीं है। इसको अपने जीवन का अंग ना बनाकर भारतीय संस्कृति के विचारों को अपना आधार बनाएं। पतंजलि योग संगठन जिला प्रभारी बंसीलाल टाक ने कहा कि बच्चों ने योग अभ्यास करने का जो संकल्प लिया है उसे अवश्य पूर्ण करे। भारतीय संस्कृति के विचारों को गांव-गांव में फैलाने में गायत्री परिवार को विशेष सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर धार्मिक उत्सव समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, अर्चना गुप्ता ने भी पुरस्कार वितरण में सहयोग प्रदान किया।

गायत्री शक्तिपीठ पर मुख्य ट्रस्टी नरेश त्रिवेदी द्वारा सभी को कार्यक्रम में आने के लिए आभार माना और परम पूज्य गुरुदेव और गायत्री परिवार के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम को सफल संचालन में गायत्री परिवार के पवन गुप्ता, निशा धनोतिया द्वारा लगातार गांव-गांव में जाकर शिविर के आयोजन करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गायत्री परिवार के ही परशुराम शर्मा, दिलीप नर्सरी ने भी विशेष योगदान किया। शिविर में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी राठौर खेजडिया, द्वितीय स्थान पर दिलखुश राठौर व तृतीय स्थान पर भगवती पाटीदार गुराडिया देदा को सब्सक्राइब किया। सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट सत्येंद्र सिंह सोम ने किया। यह जानकारी गायत्री परिवार के शक्तिपीठ प्रभारी पवन गुप्ता ने दी।

# दो ही कार्य की गांठ बांध लीजिये, प्रथम सत्कर्म और दूसरा प्रभु भक्ति-स्वामी आनन्दजी

## स्वामी केशवस्वरूपजी का मनाया 41वां महानिर्वाण पुण्यतिथि महोत्सव

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी श्री केशवस्वरूपजी महाराज का 41वां पुण्यतिथि (महानिर्वाण) महोत्सव 13 जून को श्री केशव सत्संग भवन में रामकृष्ण परमहंस चिन्मय मिशन के पूज्यपाद स्वामी श्री रामभक्त आनन्दजी के सानिध्य में आयोजित हुआ।

प्रात: 8 बजे से स्वामी केशवस्वरूपजी महाराज का पंचामृत स्नान, पूजन अभिषेक उपरांत सुंदरकाण्ड सामूहिक पाठ हुआ। प्रात: 10.45 बजे महाआरती होकर ब्रह्मभोज व प्रसादी भण्डारा हुआ। पूज्य स्वामी रामभक्त आनन्दजी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि कलियुग के वर्तमान काल में सम्पूर्ण विश्व कहीं युद्ध तनाव, कहीं प्रदूषित पर्यावरण का प्रकोप, कहीं कोरोना जैसी जानलेवा बिमारियों का भय, कहीं कोई शांति सुख आनन्द महसूस नहीं कर पा रहा है। चाहे आर्थिक दृष्टि से धन सम्पत्ति का अटूट भण्डार हो, चाहे पद-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति से भी बढ़कर हो, भौतिक एश्वर्य-सुख साधन की कहीं कोई कमी नहीं हो फिर भी एक तरफ बीमारियों से शारीरिक दृष्टि से बाहर से कहीं भी कोई सुखी नहीं है तो तनाव-राग द्वेष-ईर्ष्या आदि विकारों से अंतर से मानसिक दृष्टि से कोई सुखी नहीं है। इसलिये शारीरिक और मानसिक दृष्टि से यदि स्थायी सुख चाहिये तो दो ही काम करना पड़ेंगे प्रथम प्रभु भक्ति और दूसरा सत्कर्म। प्रभु भक्ति का सबसे सरल सहज साधन है राम-कृष्ण-शिव-भवानी जो भी हमें अच्छा लगे- प्रभु नाम स्मरण। गोस्वामी तुलसीदासजी ने कलियुग में भक्ति का एक ही सहज-सरल उपाय-साधन बताया है कलियुग केवल नाम अधारा। सुमिरी-सुमिरी नर उतर ही पारा । दूसरा सत्कर्म- जीवन में एक ही सत्कर्म अपना ले- परहित सरिस धर्म नहीं भाई- पर पीड़ा सम नहीं अधभाई दूसरों की भलाई-उपकार करना और किसी पीड़ा-दु:ख नहीं पहुंचाना ।

**उपस्थित रहे-** जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, न्यासीगण प्रहलाद काबरा, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, बंशीलाल टांक, अजय मित्तल, एडवोकेट अजय सिखवाल, अजय पोरवाल, आर.सी.पाण्डेय, आर.सी पंवार, मांगीलाल सोनी, अशोक नागदा, हेमन्त भावसार, श्यामकुमार सेठिया आदि। संचालन जगदीश सेठिया ने किया व आभार मदनलाल गेहलोद ने माना।

### विवादित स्टेण्ड पर हनुमान भगवान की प्रतिमा लगाने के बाद दलित व पिछड़ा वर्ग नेताओं ने...

# डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा लगाने एवं शांतिभंग करने वालों के खिलाफ दिया आवेदन

**पिपलियामंडी, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे फाटक स्थित बस स्टेण्ड पर विवादित खाली पड़े स्टेच्यू पर रातों-रात भगवान हनुमान प्रतिमा की स्थापना करने के बाद भीमआर्मी, सामाजिक न्याय मंच, दलित व पिछड़ा वर्ग नेताओं ने गुरुवार को मुख्य नगरपालिका पालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया से मुलाकात की व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की मांग। वहीं बस स्टैंड पर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने के लिए प्रस्तावित जगह पर हनुमान भगवान की प्रतिमा लगाकर शांतिभंग करने वाले शरारती तत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर भी पुलिस थाने पर आवेदन दिया। जानकारी के अनुसार सन् 1996 में बस स्टेण्ड पर संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने का प्रस्ताव नगर पंचायत में पारित हुआ था। बाद में केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव भी अलग-अलग कार्यकाल में पारित हुए। विरोध होने पर सन् 2008 में जांच के बाद अपर कलेक्टर ने उक्त स्थान पर किसी भी प्रतिमा के नही लगाए जाने का आदेश दिया था। लेकिन 10 जून 2024 को रात्रि में उक्त खाली पड़े स्टेच्यू पर हनुमान भगवान की प्रतिमा को लगा दिया। इधर विरोध स्वरुप गुरुवार को पिछडा वर्ग व सामाजिक न्याय मंच के नेता कचरुलाल चडावत, दलित नेता किशनलाल चोहान, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मंगलेश सूर्यवंशी, गोपाल रायकवार, गुफरान पठान, विनोद सिनम आदि ने नगर परिषद् में सीएमओ प्रवीण सेन व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया से चर्चा की व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा को लगाने की मांग का लिखित में आवेदन दिया। सीएमओ व अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नेताओं को बताया कि बाबा साहब की प्रतिमा अयोध्या बस्ती में लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। नेताओं की मांग थी कि उक्त प्रतिमा मुख्य मार्ग डिवाइडर पर पुराना बिजली ऑफिस मार्ग के यहां लगाई जाए। सीएमओ ने बैठक में उक्त प्रस्ताव रखने की कहा वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि देवरिया ने प्रतिमा स्वयं लगवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद नेताओं ने बस स्टेण्ड पर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के स्थान पर चोरी, छिपे हनुमान भगवान की प्रतिमा लगाकर शांतिभंग करने वाले शरारती लोगों पर भी कार्रवाई की मांग को लेकर टीआई नीरज सारवान को आवेदन दिया।

## दशपुर अकाउंटेंट एसो. की मीटिंग 16 को

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर अकाउंटेंट एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष कैलाश सोनी व सचिव ललित काबरा ने बताया कि दशपुर अकाउंटेंट एसोसिएशन की एक आवश्यक मीटिंग दशपुर कुंज, जिला चिकित्सालय के सामने, मंदसौर पर 16 जून 2024, रविवार को सायं 4 बजे से रखी गई है। मीटिंग में आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के सचिव ललित काबरा ने सभी सदस्यों से मीटिंग में उपस्थित होने का निवेदन किया है।

## पत्रकार फांफरिया का जन्मदिन मनाया, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी



**मंदसौर, 12 जून गुरु एक्सप्रेस।** दैनिक समाचार पत्र के संपादक एवं सामाजिक क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहने वाले पत्रकार विजेंद्र फांफरिया का जन्मदिन बुधवार को समाचार पत्र प्रजा मेल, इंदौर समाचार कार्यालय मंदसौर में मनाया गया। जिसमें मध्यप्रदेश आंचलित पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव अब्दुल वाहिद रईस, प्रदेश सह सचिव गायत्री प्रसाद शर्मा ,वरिष्ठ पत्रकार संजय भाटी ,जिला महासचिव तुलसीराम राठौर, जागरूक पत्रकार गण मनीष शर्मा,मोहसिन कुरेशी, दीपेश गुजारिया व सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम गंधर्व ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर श्री फांफरिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य कामना की।

# नपाध्यक्ष ने कुओं की सफाई कार्य का निरीक्षण किया




**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा दिनांक 6 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार चलाएं जा रहे इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य किया जा रहा है कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने इस अभियान के अंतर्गत कुओं बावडियो की सफाई कार्य को और आगे बढाते हुए नगर की कुओं बावडियो का निरीक्षण किया और उनकी सफाई के संबंध में नगर पालिका के तकनीकी अधिकारियों व नगर पालिका के कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए ! इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला जलकार्य सभापति श्री निलेश जैन , स्वा स्थस समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना,पार्षद गण श्रीमती सुनीता भावसार श्रीमती सुनीता गुजरिया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता भाजपा जिला मंत्री श्रीमती प्रीति रोखले , महिला नेत्री श्रीमती विद्या कड़ौतिया, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, नंदलाल गुजरिया, नगर पालिका कार्यपालन यंत्री पीएस धारवे, उपयंत्री शाहिद मिर्ज़ा ने भी निरीक्षण में सहभागिता की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने सर्वप्रथम जनता कॉलोनी मांगलिक भवन परिसर में स्थित कुएं का निरीक्षण किया इसके बाद मित्र वत्स ला भवन के समीप स्थित कुएं का भी निरीक्षण किया इस अवसर पर जल कार्य सभापति निलेश जैन व क्षेत्रीय पार्षद श्री प्रीतम पंचोली ने कुओं की सफाई के संबंध में चर्चा की । नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने दोनों कुओं की सफाई के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इसके बाद अभिनंदन क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 21 का निरीक्षण किया और वहां जो पुराने कुओं बावड़िया है उनकी सफाई के संबंध में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता गुजरिया से चर्चा की ।

## विद्यालयों में 18 से कक्षाएं प्रारंभ होगी

**नीमच, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय हाई स्कूल डुंगलावदा में सभी विद्यार्थियों के लिए 18 जून 2024 से नियमित कक्षाएं आरंभ हो जाएगी ।विद्यालय में प्रवेश अभियान जारी है। क्षेत्र के सभी प्रवेशी एवं अप्रवेशी विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं ।क्षेत्र के पालक भी अपने बालक बालिकाओं को नियमित विद्यालय भेजें तथा अपने आसपास के अप्रवेशी बालक बालिकाओं को विद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित करें ।दिनांक 18 से 20 जून 2024 तक 'स्कूल चले हम अभियान' के प्रथम चरण की गतिविधियां की जाएगी। अत:क्षेत्र के पूर्व विद्यार्थीअपने कनिष्ठ विद्यार्थी भाई बहनों को एवं पड़ोस के विद्यार्थियो को भी शाला मे भेजने हेतु प्रेरित करें।

# डिजिटल डायरेक्ट रेडियोग्राफी मशीन इंस्टाल कर चालू की



**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय मंदसौर में अत्याधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन (डीआर एक्सरे सिस्टम) इंस्टॉल हुई है, जो कि पूर्णत: कंप्यूटराइज्ड मशीन है, जिसमें हितग्राहियों, मरीजों को कम समय में, अत्यंत कम हानिकारक विकिरण उत्सर्जन करेगी और मरीजों की जांच भी सरल, सुगम होकर उत्कृष्ट गुणवत्ता की होंगी। उक्त मशीन जिला चिकित्सालय के एक्स रे विभाग में आरएमओ सर व एक्सरे विभाग के समस्त स्टाफ की उपस्थिति मे विधि विधान से पूजन कर सेवा की शुरुआत की गई है।

**मशीन के शुरू होने से लाभ-** डी.आर. मशीन पूर्णत: कंप्यूटराइज्डमशीन है जो कि अत्याधुनिक नवीन तकनीकों से लेस है, जो कि अल्प समय में अत्यंत कम विकिरण उत्सर्जन करेगी जो कि मरीजों, परिजनों, स्टाफ के स्वास्थ्य के लिए उत्तम रहेगी। मशीन में एक्स रे कैसेट का उपयोग नहीं किया जाएगा, बल्कि मशीन में ही सारे अतिरिक्त उपकरण संयुक्त रूप से फिट रहेंगे जो कि समय की बचत करेंगे। मशीन से एक्स-रे की जटिल जांच प्रक्रिया अब सुगम हो जाएगी।मशीन समस्त प्रकार की जांच करने में सक्षम होगी, जिससे अस्पताल में चिकित्सा निदान में सुगमता हो सकेगी।

## मेडिकल कालेजों में दवाओं और उपकरण खरीदने में नहीं होगी देरी

**भोपाल, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के 13 स्वशासी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में अचानक किसी उपकरण, दवा की आवश्यकता होने पर तत्काल खरीदी की जा सकेगी। साथ ही मरम्मत के लिए शासन से राशि मिलने की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। इसके तहत अलग-अलग काम के लिए डीन और अस्पताल अधीक्षकों के स्वशासी मद से खर्च के वित्तीय अधिकार कई गुना बढ़ाने की तैयारी है।

डीन 25 लाख तो अस्पताल अधीक्षक 10 लाख रुपये तक के उपकरण खरीद सकेंगे। इसी प्रकार डीन 10 लाख तो अधीक्षक पांच लाख रुपये के उपकरण, प्लांट या मशीनों को सुधारने के लिए राशि स्वीकृत कर सकेंगे। सफाई, दवा खरीदी, उपकरणों का वार्षिक रखरखाव और मरम्मत के लिए डीन व अधीक्षक को क्रमश: पांच लाख और ढाई लाख रुपये के वित्तीय अधिकार मिलेंगे। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर शासन से स्वीकृति मिलनी है। अभी यह अधिकार अलग-अलग कॉलेजों के लिए विभिन्न शीर्ष में अधिकतम 10 लाख रुपये तक का है। मध्य प्रदेश के 14 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सतना छोड़ दें तो बाकी 13 स्वशासी हैं।



## गुमटी व ठेला व्यवसायियों ने किराया कम करने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद को दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** न.पा. द्वारा अचानक, हाथ ठेला, रेहड़ी, पटरी व गुमटियों व्यवसायियों पर अचानक व अनावश्यक टेक्स वृद्धि के विरोध में राज्यसभा सांसद श्री बंसीलाल गुर्जर को ज्ञापन देकर बढ़ाये हुए टेक्स मंच कटौती कर पुन: कम करने तथा किराया छ: माह और बारह माह के स्थान पर पूर्व अनुसार प्रतिदिन करने की मांग की गई। पूर्व न.पा.उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली व भाजपा नेता राजेश चौहान के नेतृत्व में ज्ञापन दिये गये ज्ञापन में कहा कि हम ठेले और पटरी पर बैठकर व्यवसाय करने वाले गरीब और मजदूर वर्ग के होकर अपना छोटा व्यापार व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। कभी व्यापार चलता है, कभी नहीं भी चलता है। अभी बारिश का मौसम आने वाला है। बारिश होने से कई दिनों में हमारी छूट्टी भी रह जाती है ऐसे में एक साथ छ: माह और 12 माह का किराया देना संभव नहीं है। इस अवसर पर गुमटी व ठेलागाड़ी व्यवसायी मुकेश राठौर, रूपलाल खिंची, मुकेश कोतक, सुनिल सोलंकी, कन्हैयालाल गेहलोत, श्यामलाल जीनगर, बाबू जटिया, कैलाश जटिया, व अन्य गुमटी व ठेला व्यवसायी उपस्थित थे।

# पर्यटकों को मिलेगी सुविधा, पर्यटन का होगा विकास-सिसोदिया

## पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू होने पर प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने जताया प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का आभार



**भोपाल, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के शुभारंभ पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इस सेवा के शुरू होने से जहां पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, वहीं प्रदेश में पर्यटन का विकास भी होगा। श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार में लगातार विकास हो रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में अधोसंरचना के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में वंदे भारत एवं मेट्रो ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, वहीं, प्रदेश को देश-विदेश के शहरों से जोड़ने के लिए भी हवाई सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के विकास की इसी श्रृंखला की अगली कड़ी प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ है। प्रदेश प्रवक्ता श्री सिसोदिया ने कहा कि गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर जाने वाली फ्लाइट को रवाना करके इस सेवा का शुभारंभ कर दिया है। इस सेवा के शुरू होने से भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली एक-दूसरे शहर से हवाई मार्ग द्वारा जुड़ गए हैं। इससे जहां पर्यटकों का समय बचेगा वहीं, प्रदेश के पर्यटन स्थलों तक पहुंचना भी आसान होगा। श्री सिसोदिया ने वायु सेवा के शुभारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा प्रदेश में पर्यटन उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।



## कलेक्टर द्वारा कुकड़ेश्वर में टप्पा कार्यालय भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नीमच, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को मनासा क्षेत्र के भ्रमण दौरान कुकडेश्वर में शासकीय अस्पताल के पास निर्माणाधीन नवीन टप्पा कार्यालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति व गुणवत्ताा का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने कार्यालय भवन परिसर में पौधारोपण की तैयारी कर, व्यापक स्तर पर पौधा रोपण करवाने के निर्देश भी नायब तहसीलदार को दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्यन अधिकारी भी उपस्थित थे।

# केन्द्रीय योजनाओं के साथ हर परिवार को खुशहाल बनाने में आगे मप्र

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश की सुविचारित जन-हितैषी योजनाओं के साथ केन्द्रीय योजनाओं का सहयोग लेकर हर परिवार को समृद्ध बनाने की एक सशक्त शुरूआत के परिणाम बीते छह महीनों में रेखांकित हुए हैं। मध्यप्रदेश के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। केन्द्र और राज्य की योजनाओं में परस्पर समन्वय बैठाने और लगातार समीक्षाओं के कारण अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने का श्रेय मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को जाता है। भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से लगातार आगे चल रहा है। विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को मध्यप्रदेश ने शत-प्रतिशत पूरा किया है। साथ ही कुछ योजनाओं में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि अर्जित की है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन और प्रभावी नेतृत्व में प्राप्त हुई है।

स्ट्रीट वेंडर्स को स्व-रोजगार के लिए ब्याज मुक्त लोन देने की पीएम स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश सरकार निर्धारित लक्ष्य 7 लाख 46 हजार 600 के विरूद्ध अभी तक 11 लाख 74 हजार 96 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन वितरित कर चुकी है। यह उपलब्धि 157 प्रतिशत से अधिक है। योजना में पहली बार 10 हजार, दूसरी बार 20 हजार और तीसरी बार 50 हजार रूपये का ब्याजमुक्त लोन दिया जाता है। इसी तरह अमृत सरोवर योजना में 3900 सरोवर बनाने का लक्ष्य था, लेकिन 5812 अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। यह उपलब्धि 149 प्रतिशत है। किसानों की जमीन की जांच कर स्वाइल हेल्थ कार्ड देने की योजना में कुल 6 लाख 31 हजार 437 कार्ड वितरित करना था। सरकार तत्परतापूर्वक कार्रवाई कर अभी तक 11 लाख 89 हजार 505 स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरित कर चुकी है। योजना में उपलब्धि का प्रतिशत 188 से अधिक है। मध्यप्रदेश ने पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वामित्व योजना, भारत नेट, किसान क्रेडिट कार्ड और अटल पेंशन योजना में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में कुल लक्ष्य 83 लाख 83 हजार 208, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में 93 लाख, स्वामित्व योजना में 43 हजार 130 गाँवों का ड्रोन से सर्वे, भारत नेट योजना में 20 हजार 422 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबल स्थापित करने, किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 65 लाख 83 हजार 726 कार्ड वितरित करने और अटल पेंशन योजना में 26 लाख 15 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य था। इन लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा किया गया है।

आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में लक्ष्य 8 लाख 40 हजार 940 के विरूद्ध 7 लाख 88 हजार 140 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 37 लाख 70 हजार 397 के लक्ष्य के विरूद्ध 36 लाख 3 हजार 960 आवास बनाये जा चुके हैं। जल जीवन मिशन में 83 लाख 27 हजार 582 घरों में नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य था। अभी तक 70 लाख 14 हजार 609 घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना गरीबों की बीमारी के उपचार के लिए रामबाण साबित हुई है। इस योजना में 4 करोड़ 70 लाख 96 हजार 914 हितग्राहियों को कार्ड वितरित करने का लक्ष्य था। अभी तक लगभग 4 करोड़ कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 72 हजार 993 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य था। यह लक्ष्य लगभग पूरा कर लिया गया है। पशुपालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 4 लाख 76 हजार पशुपालकों को कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। मछली पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना में एक लाख 48 हजार 910 के लक्ष्य के विरूद्ध एक लाख 35 हजार 510 मछली पालकों को कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। उपलब्धि का प्रतिशत 91 है। इन सभी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से हितग्राहियों का जीवन स्तर सुधारने के प्रयास लगातार जारी हैं। मध्य प्रदेश नये लक्ष्यों और नई कार्ययोजनाओं के साथ आगे बढ़ने को तैयार है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 29 | 2321 | 2435 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3500 | 3850 | 4670 |
| गैहु | 5000 | 2251 | 3040 |
| चना | 263 | 6250 | 6699 |
| मसुर | 150 | 5400 | 6193 |
| धनिया | 180 | 5000 | 7291 |
| लहसुन | 12200 | 4000 | 22500 |
| मैथी | 1045 | 4400 | 6447 |
| अलसी | 970 | 5020 | 6151 |
| सरसो | 609 | 5000 | 5441 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 81 | 10500 | 14200 |
| प्याज | 4500 | 611 | 2211 |
| कलोंजी | 48 | 13100 | 19401 |
| डॉलर | 11 | 5051 | 9100 |
| तिल्ली | 315 | 9100 | 12250 |
| मटरसुखी | 7 | 3492 | 5537 |
| असालीया | 112 | 7351 | 9950 |



## विधायक जैन ने किया कृषि उपज मण्डी का औचक निरीक्षण

### अव्यवस्थाओं को देखकर हुए नाराज, मण्डी सचिव को दिये निर्देश

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक विपिन जैन 13 जून, गुरुवार को कृषि उपज मण्डी मंदसौर में औचक निरीक्षण के लिये पहुंचे। विधायक श्री जैन ने मण्डी परिसर का पैदल भ्रमण किया तथा वहां व्याप्त अवस्थाओं को दूर करने के लिये मण्डी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया को निर्देश दिये। इस दौरान दशपुर मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर, सचिव नरेन्द्र जैन अन्ना सहित बडी संख्या में व्यापारी एवं किसान भी मौजूद थे।

काफी समय से कृषि उपज मण्डी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक श्री जैन को शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिस पर गुरुवार को विधायक श्री जैन ने मण्डी पहुंचकर निरीक्षण किया। विधायक ने मण्डी में पसरी गंदगी को देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा मण्डी सचिव को साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। उन्होंने आने वाली बारिश में किसानों की फसलों की सुरक्षा के संबंध में भी मण्डी सचिव से जानकारी ली। श्री जैन ने कहा कि दूर-दूर से किसान मण्डी में अपनी फसलें लेकर आते है ऐसे में उनकी फसलें बारिश के पानी में भीगे नहीं और खराब न हो इसके पुख्ता इंतजाम मण्डी समिति करें। श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान किसानों एवं व्यापारियों से भी चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। व्यापारियों ने बताया कि मण्डी में असामाजिक तत्वों के कारण कई घटनाएं हो चुकी है ऐसे तत्वों पर लगाम लगाना जरूरी है जिस पर विधायक श्री जैन ने मण्डी सचिव को तत्काल ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा उन्होंने मण्डी में कैमरे, गार्ड की संख्या बढाने व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की कहा। विधायक श्री जैन ने कहा कि मंदसौर की मंडी प्रदेश की बडी मण्डियों में शुमार है जिससे यहां दूर-दूर से किसान अपनी उपज विक्रय हेतु लाते है ऐसे में मण्डी की अव्यवस्थाओं से किसानों को परेशानी होती है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि मण्डी में किसानों और व्यापारियों की सुविधा हेतु जो भी कदम उठाने है वह उठाये जाये।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने दी।

## गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मल्हारगढ़ में कुए की साफ सफाई की

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** गंगा संवर्धन अभियान जल संरचनाओं के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेशभर में चल रहे इस अभियान के तहत जिले में प्रतिदिवस चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर परिषद भवन के नजदीक वार्ड क्रमांक 12 में प्रा.वि.परिसर स्थित एक और बंद पडे कुए को स्वच्छ करने का संकल्प लेकर कुए की मिट्टी हटाई जा रही है। इसे शुद्ध उपयोगी योग्य पानी के रूप में सुचारू किया जाने का प्रयत्न किया जा रहा है। बढते जल संकट से बचने के लिए नागरिकों को पानी के सदुपयोग की सलाह भी साथ साथ दी गई। पर्यावरण को बचाने हेतु वृक्षारोपण कार्य भी नगर परिषद द्वारा प्लांट पर किया जा रहा है। वार्ड 12 स्थित कुए पर मिट्टी की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया एवं कुए की सफाई का कार्य किया गया।

## बाइक ने मारी बाइक को टक्कर, दो घायल

**पिपलियामंडी, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। सूठोद निवासी कमलेश मालवीय ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पिता किशोर व उनके साथ रामेश्वर पिता रतनलाल दोनों बाइक से फोरलेन से गांव में कट से घर आ रहे थे, इसी दौरान नीमच की ओर से आ रहे बाइक (एमपी 14 जेडसी 3439) के चालक गांव सूठोद के ही दिनेश पिता भंवरलाल दमामी ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए, जिन्हें मल्हारगढ में उपचार के बाद मंदसौर भर्ती कराया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

# नीट के 1563 परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा का प्रस्ताव

### सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र ने कहा-23 जून को होगी परीक्षा, 30 को आएगा रिजल्ट

**नई दिल्ली, 13 जून।** NEET परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। जिसमें केंद्र की ओर से प्रस्ताव रखा गया कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोर कार्ड निरस्त होंगे। इसके बाद बिना ग्रेस मार्क्स के स्कोर कार्ड जारी किए जाएंगे।

याचिकाकर्ताओं ने छऋएढपरीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर आपत्ति जताई थी। NTA ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने 10, 11 व 12 जून को बैठक की। कमेटी ने सुझाव दिया है कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के स्कोर कार्ड निरस्त किए जाने चाहिए। इनके लिए दोबारा परीक्षा कराई जानी चाहिए। इन स्टूडेंट्स को उनके बगैर ग्रेस माक्र्स वाले ओरिजिनल स्कोर भी बताए जाने चाहिए। एग्जाम में गड़बड़ी की शिकायत पर कई राज्यों के हाईकोर्ट में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। ऐसे में जहां भी ग्रेस माक्र्स को लेकर याचिका लगाई गई है वहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश ही लागू होगा। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा NTA पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं। यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है और हम उसके निर्णय का पालन करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी छात्र को नुकसान न हो। इससे पहले 11 जून को सुप्रीम कोर्ट ने स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा व 9 अन्य छात्रों की याचिका पर सुनवाई की थी। इसे रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर किया गया था। कैंडिडेट्स ने बिहार व राजस्थान के एग्जाम सेंटर्स पर गलत प्रश्न पत्र बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की शिकायत की थी और परीक्षा रद्द SIT जांच की मांग की गई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने NEET काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और NTA को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने NEET UG 2024 में पेपर लीक ग्रेस मार्किंग सहित अन्य गड़बडियों पर सवाल उठाए थे। जस्टिस विक्रमनाथ व जस्टिस ए अमानुल्लाह की पीठ ने कहा था कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई हैए हमें जवाब चाहिए। नोटिस में बेंच ने केंद्र और परीक्षा कराने वाली एजेंसी छ्ढअ से 4 हफ्ते में जवाब मांगा। वहीं 12 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में छऋएढ णऋएग्जाम में ग्रेस माक्र्स देने व कथित पेपर लीक की 4 नई याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने NTA को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 5 जुलाई रखी गई है। इस मामले में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद व सुप्रीम कोर्ट के वकील विवेक तन्खा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 720 में से 720 अंक पाने वाले सभी 67 छात्र फरीदाबाद क्षेत्र से हैं। इस परीक्षा की पारदर्शिता पर कई सार्वजनिक मंचों पर सवाल उठ रहे हैं। NTA इस मामले में पूरी तरह बेनकाब हो गया है। इसने 24 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया।




**20 हजार छात्रों ने की शिकायत-** देशभर में NEET UG 2024 को लेकर अलग-अलग राज्यों में लगभग 20 हजार स्टूडेंट्स ने याचिकाएं दायर की थीं। जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की गई हैं। ग्रेस माक्र्स के खिलाफ दायर की गई याचिका में कहा गया कि NTA ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने स्टूडेंट्स को ग्रेस माक्र्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया। वहीं एग्जाम के पहले NTA की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस माक्र्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। ऐसे में कुछ कैंडिडेट्स को ग्रेस माक्र्स देना सही नहीं है।

## आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए-कलेक्टर



**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले पर्व जिसमे इदुलजुहा, मोहर्रम, श्रावण माह, श्रावण सोमवार, शाही सवारी, रक्षाबंधन इत्यादि पर्वो पर की जाने वाले शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी समाज जनों से आग्रह किया गया की आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए। ईद के दौरान नगर पालिका साफ सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखें। समाज जन इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें की खराब चीज खुले में न फेके। नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर लगाए गए कचरा वाहन में डिस्पोजल किया जाए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नियमानुसार करें। इसके साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग के दौरान नियमानुसार अनुमति लेकर ही कार्यवाही करें। ताजिए निकालने के दौरान समाज जन वोलेंटियर नियुक्ति करें। जो कि हमेशा ताजिए के साथ रहे। नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि गायों के संबंध में शिकायत आती है तो उन गायों को आसपास की गौशाला में छोड़े। जिससे गाय गौशाला में अच्छे से रह सके, इसके लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। बकरा बाजार में व्यवस्थाओं को शांतिपूर्वक चलाने के लिए वालंटियर लगाए। इसके साथ ही वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाया जाए। एमपीईबी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि लाइट व्यवस्थाओं का अच्छे से देखें। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।



ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ रहा रक्तदान के लिए उत्साह...

## लोध के किशोर कर चुके है 24 मर्तबा रक्तदान

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** रक्तदान-महादान है। लेकिन, कुछ समय पूर्व तक ग्रामीण क्षेत्र के लोग रक्तदान करने से डरते थे। लेकिन, सरकार और समाजसेवी संगठनो की सक्रियता तथा समय-समय पर रक्तदान के लिए केम्प लगाकर लोगो को उत्साहित किया जा रहा है। यही कारण है कि अब ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी रक्तदान को लेकर उत्साहित है।

ग्राम लोध निवासी किशोर कुमार सूर्यवंशी का कहना है कि 39 वर्ष की आयु में वे 24 बार रक्तदान कर चुके है। साथ ही यह भी कहा कि मैं रक्त दान करता रहूंगा। इसी तरह की स्थिति कई ग्रामो में है। ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियो को दूर करने के प्रयास निरंतर चलने चाहिए।

## मप्र में अब 24 घंटे खुलेंगे मॉल-रेस्टोरेंट, मुख्य बाजार, बिजनेस सेंटर, मोहन सरकार का फैसला..!

**जबलपुर/भोपाल, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने बड़ा फैसला लिया है। एमपी के सभी शहरों में अब मॉल, रेस्टारेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार, बिजनेस सेंटर, 24 घंटे, सातों दिन खुले रहेगें। ये सुविधा नगर व औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेगी। इसका नोटिफिकेशन भी एक-दो दिन में जारी होने की संभावना है। इसके बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी।

इस तरह की व्यवस्था होने के बाद एमपी देश का सातवां राज्य बन जाएगी, जहां पर 24 घंटे सातों दिन बाजार खुले रहते है। इसके पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व तेलंगाना में मॉल, रेस्टारेंट, आईटी सेक्टर, मेन मार्केट, बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुल रहते हैं। एमपी में श्रम विभाग के इस प्रस्ताव को तैयार किए जाने के बाद पहले भोपाल-इंदौर जैसे बड़े शहरों में यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किए जाने की तैयारी थी। लेकिन बाद में इसे प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में लागू करने का प्रस्ताव दिया। इस पर श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने पिछले महीने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ बैठक में सैद्धांतिक सहमति ले ली थी। अब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म हो गई है तो सरकार ने यह निर्णय लागू करने का फैसला किया है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 में एमपी की जीएसटी ग्रोथ 30 प्रतिशत रही है। इस व्यवस्था के लागू होने से इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है। प्रदेश का माहौल कानून व्यवस्था के बेहतर होने से 24 घंटे बाजार खुले रखने के योग्य है। देर रात मॉल या रेस्टोरेंट में जाकर खरीददारी करने वालों से 18 प्रतिशत जीएसटी मिलने से सरकार का राजस्व बढ़ेगा। देर रात या 24 घंटे बाजार खुले रहने व खरीददारी होने से कमर्शियल एक्टिविटीज में बढ़ोतरी होगी और पर्यटकों का आकर्षण लेट नाइट बाजार की ओर बढ़ेगा। व्यापारियों का मुनाफा भी बढ़ेगा। लोगों के लिए होटल, रेस्टोरेंट, औद्योगिक इकाइयां और सर्विस सेक्टर से जुड़ी सेवाएं भी 24 घंटे उपलब्ध होंगी। दिन-रात बाजार व अन्य सेवाएं चालू रहने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। 8 घंटे की तीन शिफ्ट में 24 घंटे कारोबार किया जा सकेगा। सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा काम करने की अनुमति किसी को नहीं होगी। 8 घंटे के हिसाब से कर्मचारियों को वेतन एवं अन्य सुविधाएं निर्धारित होंगी।

## समाज के सहयोग से शासन का गंगा जल संवर्धन अभियान पंहुचा परिणाम तक

**कयामपुर/सीतामऊ, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासन समाज का सहयोग लेकर कोई अभियान चलता है तो निश्चित ही वह अभियान सार्थक परिणाम की ओर अग्रसर होता है। मध्यप्रदेश शासन के गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, सामाजिक संस्थाएं, समाजसेवी एवं शासकीय संस्थाओ के सहयोग से गांव-गांव में चल रहे काम निष्कर्ष की ओर पहुंचने लगा हैं ओर काम धरातल पर दिखाई भी दे रहा हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति के कार्यक्रम समन्वयक हरिओम गंधर्व ने बताया कि मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी एवं विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा के निर्देशन में नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति के सेक्टर क्रमांक 1 कयामपुर के आस.पास गांव रिस्थल एवं पानपुर में जन सहयोग से तालाब का गहरीकरण एंव मिट्टी निकालने का कार्य चल रहा है। उपरोक्त मिट्टी किसान अपने स्वयं के खेतों में डालकर खेतों की उपजाऊक्षमता बढ़ा रहे है। कयामपुर एवं नाटाराम मे ग्राम पंचायत एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गांव के मध्य निकालने वाले नालों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य निरंतर चल रहा है जो निश्चित परिणाम तक पहुंचा है। नालों की साफ सफाई एवं गहरीकरण से बरसात के समय गांव में जो पानी जमा होता था वह स्थिति अब नहीं बनेगी। ग्राम पंचायत नाटाराम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाटाराम के सहयोग से ग्वाल बाल समिति द्वारा बनाए गए मंदिर के समीप पौधारोपण की योजना बनाई गई है। समिति के सहयोग से 101 गड्ढे खोदे गये हैं। समिति तार फेंसींग कर सुरक्षा के इंतजाम कर रही है। जहां सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से छायादार 101 पौधे लगाए जाएंगे। जिनकी सुरक्षा स्वयं नवांकुर, प्रस्फुटन समिति एवं ग्वाल.बाल समिति करेगी।

## तालाबों से प्राप्त कीचड़, गाद, मिट्टी के विभागीय उपयोग पर रॉयल्टी नहीं लगेगी

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के सभी कलेक्टरों को तालाबों के गहरीकरण से प्राप्त कीचड़, गाद, मिट्टी के बिना रॉयल्टी भुगतान के परिवहन-जल संवर्धन के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव श्री निकुंज श्रीवास्तव ने निर्देश में कहा कि विभाग की अनुमति से तालाब, बाँध, नहर, स्टाप-डेम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है। ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णत: उपयोग किया जाता है, तो ऐसी कीचड़, गाद, मिट्टी पर कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी और ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी के परिवहन के लिये नियमों के अधीन कोई परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित अथवा संधारित किसी तालाब, स्टॉप-डेम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है और उसका उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णत: किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी और न ही परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि संबंधित शासकीय विभाग या ग्राम पंचायत इसका विक्रय नहीं कर सकेंगे और न ही विक्रय करने की अनुमति किसी को देंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि जल-स्त्रोतों से निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी की स्थानीय ग्रामीणों, ग्राम स्तरीय संगठनों, कृषकों को यदि गैर-व्यवसायिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, तो उनके आवेदन पर संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत नि:शुल्क कीचड़, गाद, मिट्टी की अनुमति दे सकेंगे और इसके परिवहन के लिये स्थानीय ग्रामीणों के ग्राम स्तरीय संगठनों, कृषकों को न कोई रॉयल्टी देय होगी और परिवहन अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी। प्रमुख सचिव ने निर्देश में यह स्पष्ट किया है कि ग्राम स्तरीय संगठनों अथवा कृषकों द्वारा कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग अथवा ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है।

## गंगा दशहरा पर पशुपतिनाथ मंदिर में कार्यक्रम होंगे

**मंदसौर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा 16 जून 24 को पशुपतिनाथ मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके अंतर्गत प्रात: 7 बजे शिवना घाट पर सफाई, श्रमदान और गंगा माता कि अवतरण की झांकी, शाम 4 बजे सुंदरकांड, शाम 7 बजे दीप प्रज्वलन एवं शाम 8 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम पर मंदिर में विद्युत साज सज्जा, चुनरी फ्लावर, डेकोरेशन एवं रंगोली आदि बनाए जाएंगे।

## शिक्षक भर्ती प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**भोपाल, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** उच्च माध्यमिक शिक्षक परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थी की नियोजन प्रक्रिया एमपी आनलाइन पोर्टल पर प्रोफाइल मेकिंग और दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया 14 जून से शुरू की जाएगी। यह 18 जून तक चलेगी। दस्तावेज सत्यापन जिला स्तर पर 21 से 23 जून तक चलेगा। सभी अभ्यर्थियों को स्कूल का चयन करना भी अनिवार्य है। 14 से 18 जून तक स्कूल चयन की प्रक्रिया पूरी करनी है। बता दें, कि उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2023 की परीक्षा दो अगस्त 2023 में आयोजित की गई थी। स्कूल शिक्षा विभाग के 7591 और जनजातीय कार्य विभाग के 1129 पदों पर नियुक्ति की जानी है। पदों की विज्ञप्ति में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान था, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इस पर रोक लगा रखी है। इस कारण जब परिणाम घोषित हुआ था तो 13 प्रतिशत पदों को होल्ड पर रखा गया है।

**मूल निवासियों को आयु सीमा में छूट मिलेगी-** डीपीआई ने आदेश जारी किए हैं कि अगर स्कूल चयन से लेकर प्रोफाइल पंजीयन तक की कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूरी नहीं की गई तो अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे एवं उनकी नियुक्ति के संबंध में विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही उच्च माध्यमिक शिक्षक नियोजन के तहत आयु सीमा के लिए एक जनवरी 2023 गणना तिथि होगी। मप्र के मूल निवासियों को ही आयु सीमा में छूट मिलेगी।अतिथि शिक्षकों को 200 दिन सरकारी स्कूलों में अध्यापन कार्य का अनुभव प्रमाणपत्र लगाना होगा।

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू                मंदसौर, दिनांक .......

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्र. एमपी 14 एम व्हाय 9027 व एमपी 14 एमआर 1523 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में धनगिर गोस्वामी पिता छगनगिर गोस्वामी निवासी इंद्रा आवास गुड़भेली, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती सरोज गिर पति धनगिर गोस्वामी निवासी इंद्रा आवास गुड़भेली, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ, जिला-मंदसौर**

क्रमांक/1775/री/23                कयामपुर, दिनांक- 13.06.2024

**✻✻ विज्ञप्ति ✻✻**

**एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगराजसिंह पिता घीसालाल जाति मोची निवासी मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम नाहरगढ़ तहसील सीतामऊ की भूमि सर्वे नंबर 2985 पै. रकबा 1500 वर्गफीट भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.12.2014 को विक्रेता हसीनाबी बेवा युनुस खां व अन्य-3 से क्रेता घीसालाल पिता किशनलाल जाति मोची निवासी मंदसौर ने क्रय की थी, क्रेता की मृत्यु दिनांक 07.03.2021 को हो गई है। क्रेता का वैध वारीसान आवेदक स्वयं अकेला है अत: क्रयशुदा भूमि पर आवेदक द्वारा नामांतरण किए जाने का निवेदन किया गया है।**


**अत: उक्त नामांतरण की कार्रवाई किये जाने में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।**

**आज दिनांक 13.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।**

**नायब तहसीलदार**
**टप्पा कयामपुर, तहसील सीतामऊ**

# कुकड़ेश्वर के पान कृषकों पर फिर आई आफत

### तेज हवाओं के रंग ने किया पनवाड़ी को बेरंग, लाखों की नुकसानी





**कुकड़ेश्वर, 13 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के नीमच जिले की मनासा तहसील के नगर परिषद कुकड़ेश्वर के अंतर्गत निवासरत तम्बोली समाज परंपरागत रूप से पान की खेती करता आ रहा है। तम्बोली समाज के लगभग 500 परिवार पान की खेती से जुड़े हुए हैं ओर पान की खेती कर अपना जीवन का गुजारा करते हैं। उक्त पान की खेती में लाखों रुपए खर्च आता है। विगत 12 जून को तेज हवा व आंधी के साथ आये पानी भरे तूफान से कुकड़ेश्वर से लगे खेतों पर खड़ी लगभग 8 से 10 पनवाड़ी पान बरेंजें जमीन दोंज हो गए। पान के बरेंजे सांकरिया खेड़ी, रुपपुरा, ढोढर ब्लाक, हामाखेड़ी गांव से लगी कृषि भूमि पर, पान कृषक प्रकाश बुंदीवाल, शिवकुमार रोदवाल, राम प्रसाद बुंदीवाल, नारमल वश्नारिया, रमेश टोडावाल, गुड्डा भाना, पप्पू बुंदीवाल, कैलाश नकुम इत्यादि तम्बोली समाज के पान कृषक द्वारा पान बरेंजें लगा रखे थे, जो तेज हवा व आंधी से जमींदोज हो गए। जिससे पनवाड़ी में लाखों रुपए का नुकसान होने के साथ ही पान व बेले समूह नष्ट हो गई एवं पान बरेंजो को मजदूरों की सहायता से फिर खड़ा किया जा रहा है। जिससे प्रत्येक पान किसान को 1 लाख से 2 लाख रुपए करीब का नुकसान हुआ है एवं पान की खेती जीवित रहना भी मुश्किल लग रहा है। उक्त पान कृषक शिवकुमार तंबोली, नारमल वश्नारिया, रिंकू भानपिया ने बताया कि पान की खेती बड़ी नाजुक होती है। बार-बार प्राकृतिक प्रकोप कभी हवा आंधी तूफान अति वृष्टि, अनावृष्टि, शीत व गर्म हवा आदि से नुकसान होता है। लेकिन जिस प्रकार खेती किसानी को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ रखा है। लेकिन हमारे पान की खेती को शासन, प्रशासन द्वारा किसी भी योजना में नहीं जोड़ने से हमें कृषि बीमा योजना का लाभ भी नहीं मिलता है। जबकि पान कृषकों द्वारा बार-बार पान की खेती को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ने की मांग की जा रही है। मुक्त पान की खेती को बागबानी उद्यानिकी के अंतर्गत जोड़कर, प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा जाए एवं तेज हवा आंधी तूफान से पान की खेती को हुए नुकसान का मुआवजा शासन द्वारा प्रदान किया जाए। ऐसी मांग उक्त किसानों द्वारा की गयी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in